उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

अंबेडकरनगर में पुलिस कप्तान ने कुर्की बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा परखी



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अंबेडकरनगर। पुलिस कप्तान सुश्री प्राची सिंह ने थाना सम्मनपुर क्षेत्र के कुर्की बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान उन्होंने बाजार में मौजूद दुकानदारों और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी ली। पुलिस कप्तान ने लोगों को सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाया। उन्होंने क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने को कहा। पुलिस कप्तान की पैदल गश्त से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा।

एक नज़र में

दीनदयाल धाम में 7 से 10 अक्टूबर तक सजेगा स्वदेशी, स्वावलंबन और संस्कृति का महाकुंभ।

जवां में सेवा संकल्प अभियान, जयवीर सिंह ने मानव सेवा को बताया धर्म।


अलीगढ़ : हरदुआगंज तापीय परियोजना प्लांट डिस्पेंसरी में लगा निःशुल्क हृदय व श्वास रोग शिविर।

श्री कृष्णायन देसी गोरक्षा शाला, गैडी खाता, हरिद्वार मे किया गया वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

दीनदयाल धाम में 7 से 10 अक्टूबर तक सजेगा स्वदेशी, स्वावलंबन और संस्कृति का महाकुंभ।



8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे मुख्य अतिथि, किसान एवं युवा सम्मेलन में करेंगे सहभागिता। संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा/फरह। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली नगला चंद्रभान स्थित दीनदयाल धाम में उनके जन्मोत्सव के अवसर पर चार दिवसीय विराट पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 10 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। मेले की थीम “स्वदेशी, स्वावलंबन और संस्कृति का महाकुंभ, अंत्योदय से आत्मनिर्भरता तक” रखी गई है। मेले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के साथ अंत्योदय, गोपालन, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पाद, स्वावलंबन और ब्रज की लोक संस्कृति को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। मेला परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष जोर रहेगा।

देश

जवां में सेवा संकल्प अभियान, जयवीर सिंह ने मानव सेवा को बताया धर्म।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: नर सेवा ही नारायण सेवा है संसार में मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है यह बातें बरौली विधायक ठाकुर जयवीर सिंह ने विकासखंड कार्यालय जवां के सभागार में मोदी सरकार द्वारा जन सेवा व राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में कहीं, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है बहन बेटियों के सम्मान की रक्षा की है, गुंडे माफियाओं के प्रति कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा है, उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं जन समूह से एक बार फिर से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत करने की अपील की।

देश

श्री कृष्णायन देसी गोरक्षा शाला, गैडी खाता, हरिद्वार मे किया गया वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम।



संवाददाता ब्यूरो क्लीन एंड ग्रीन एन्वायरमेंट सोसायटी द्वारा इस मानसून सत्र का 12वां वृक्षारोपण अभियान श्री कृष्णायन देशी गोशाला, गैंडीखाता, हरिद्वार में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए, जिनमें आम, बांस, आंवला, गुलमोहर, जामुन, बेलपत्र, पीपल, पिलखान, शहतूत इत्यादि के वृक्ष शामिल किए गए। श्रीकृष्णायन गौशाला के छोटे महाराज श्री आत्मानंद जी ने समिति के अध्यक्ष राम कपूर से निवेदन किया कि इस वर्ष 2026 में गौ माता की सेवा के लिए कुछ वृक्ष लगाए जाएं। समिति द्वारा महाराज जी के निवेदन को स्वीकार करते हुए श्री कृष्णायन गौशाला गैंडीखाता, हरिद्वार में 400 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया।

खेल

अलीगढ़ : हरदुआगंज तापीय परियोजना प्लांट डिस्पेंसरी में लगा निःशुल्क हृदय व श्वास रोग शिविर।





सह संपादक अशोक नेताजी संकल्प अभियान के अंतर्गत हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना कासिमपुर के प्लांट डिस्पेंसरी में हृदय व श्वास रोग संबंधी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा की स्वास्थ्य टीम के सहयोग से किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर अमिताभ आनंद ने फीता काटकर किया तथा मेट्रो हॉस्पिटल की स्वास्थ्य टीम का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। साथ ही उन्होंने बताया कि इस शिविर में प्रतिभाग करने हेतु समस्त परियोजना कार्मिकों सी0आई0एस0एफ0 कर्मियों संविदाकरों संविदा/ठेका कर्मियों तथा सुरक्षा कार्मिकों को प्रेरित किया गया है।